# Curriculum

## एम.ए. लोक प्रशासन (M. A. Public Administration)
## Programme Code : MAPA

### उद्देश्य (Objectives):

- प्रवेश प्राप्त विषय में सघन ज्ञानार्जन द्वारा भावी विशेषज्ञता का संधान।
- अखिल भारतीय/राजस्थान प्रशासनिक सेवाओं में चयन के सामर्थ्य का विकास।
- विविध गैर-सरकारी संगठनों (N.G.Os) में बेहतर रोजगार सम्भावनाओं का अभिज्ञान।
- विश्व बैंक समेत विविध अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के लिए परियोजना निर्माण की दक्षता का निर्धारण।
- प्रशासनिक प्रक्रियाओं से प्रगाढ़ परिचय और उस आधार पर प्रासंगिक सार्वजनिक नीतियाँ/कार्यक्रमों के निरूपण व गृह कार्य के सामर्थ्य का विस्तार।

**प्रवेश योग्यता (Admission eligibility)** : किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक (न्यूनतम त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम) उपाधि अथवा समकक्ष

**अवधि (Duration)** : न्यूनतम 2 वर्ष एवं अधिकतम 4 वर्ष

**अध्ययन सामग्री का माध्यम (Medium)** : हिन्दी

**श्रेयांक (Credit)** : 72

**शुल्क (Fee)** : पूर्वार्द्ध: Rs. 4700; उत्तरार्द्ध Rs. 4850

**कार्यक्रम संरचना (Programme Structure):** एम.ए. लोक प्रशासन के पूर्वार्द्ध में कुल चार पाठ्यक्रम होंगे। जबकि उत्तरार्द्ध में कुल पाँच पाठ्यक्रम होंगे। प्रत्येक पाठ्यक्रम 8 श्रेयांक का होगा। विद्यार्थियों को हिन्दी माध्यम की पाठ्यसामग्री उपलब्ध करवायी जाएगी। एम.ए. उत्तरार्द्ध के अन्तिम पाठ्यक्रम निबंध लेखन एमएपीए-09 के लिए कोई अध्ययन सामग्री उपलब्ध नहीं करवायी जाएगी।

**एम.ए.(पूर्वार्द्ध) M.A. (Previous)**

| क्र.सं. (S. No.) | पाठ्यक्रम का नाम (Name of Course) | पाठ्यक्रम कोड (Course Code) | श्रेयांक (Credit) |
|---|---|---|---|
| 1. | लोक प्रशासन के सिद्धान्त<br>Principles of Public Administration | MAPA-01 | 8 |
| 2. | तुलनात्मक लोक प्रशासन<br>Comparative Public Administration | MAPA-02 | 8 |
| 3. | भारतीय प्रशासन<br>Indian Administration | MAPA-03 | 8 |
| 4. | कार्मिक प्रशासन<br>Personnel Administration | MAPA-04 | 8 |

## एम.ए. (उत्तरार्द्ध) M.A. (Final)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | प्रशासनिक विचारक<br>Administrative Thinkers | MAPA-05 | 8 |
| 6. | विकास प्रशासन<br>Development Administration | MAPA-06 | 8 |
| 7. | राजस्थान के विशेष संदर्भ में भारत में राज्य प्रशासन<br>State Administration in the Special Context of Rajasthan | MAPA-07 | 8 |
| 8. | सार्वजनिक नीति<br>Public Policy | MAPA-08 | 8 |
| 9. | निबन्ध<br>Essay* | MAPA-09 | 8 |

***** MAPA-09 की सत्रान्त परीक्षा (मुख्य परीक्षा) में प्रश्नपत्र 100 अंकों का होता है। इस पाठ्यक्रम में कोई सत्रीय/आन्तरिक गृहकार्य नहीं दिया जायेगा। इसमें दो खण्ड होते हैं। खण्ड "अ" में एम.ए. पूर्वार्द्ध के चारों पाठ्यक्रमों में दी गई पाठ्यसामग्री में से कोई पाँच शीर्षक दिये जाते हैं। इनमें से आपको 1000 शब्दों का एक निबन्ध लिखना होता है। इसी प्रकार पाठ्यक्रम के खण्ड "ब" में एम.ए. उत्तरार्द्ध की अध्ययन सामग्री में से पाँच शीर्षक दिये जाते हैं। इनमें से किसी एक शीर्षक पर 1000 शब्दों का एक निबन्ध लिखना होता है। इस प्रकार आपको अपनी पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध की सम्पूर्ण सामग्री में से दो निबन्ध लिखने हैं।

**परीक्षा पद्धति (Examination Pattern)**

**सत्रीय गृहकार्य:** प्रत्येक पाठ्यक्रम (प्रश्नपत्र) में सत्रीय / आन्तरिक गृह कार्य 20 अंकों का होगा। प्रत्येक पाठ्यक्रम(प्रश्नपत्र) में एक सत्रीय / आन्तरिक गृहकार्य करना होगा। सत्रीय/आन्तरिक गृह कार्य पूर्ण करके सत्रांत परीक्षा से पूर्व संबंधित क्षेत्रीय केन्द्र/Online विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दिनांक से पूर्व जमा करवाना होगा।

**सत्रांत (मुख्य) परीक्षा:** एम.ए. (पूर्वार्द्ध) एवं एम.ए. (उत्तरार्द्ध) की न्यूनतम अवधि अर्थात् 1 वर्ष के बाद विद्यार्थी की प्रत्येक पाठ्यक्रम (प्रश्नपत्र) की तीन घंटे की लिखित परीक्षा होगी। प्रत्येक पाठ्यक्रम (प्रश्नपत्र) की सत्रांत परीक्षा के लिए अधिकतम 80 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक पाठ्यक्रम(प्रश्नपत्र) के दोनों भागों अर्थात सत्रांत परीक्षा एवं सत्रीय/आन्तरिक गृह कार्य में उत्तीर्ण होने के लिए दोनों में अलग-अलग उत्तीर्णांक 36 प्रतिशत हैं। यदि विद्यार्थी कुछ पाठ्यक्रम (प्रश्नपत्र) को उत्तीर्ण नहीं कर पाया है तो उस पाठ्यक्रम (प्रश्नपत्र) को उत्तीर्ण करने के लिए छः माह बाद होने वाली आगामी परीक्षा में निर्धारित अधिकतम अवधि के अंदर पुनः बैठ सकता है। ध्यातव्य है कि एम.ए. (पूर्वार्द्ध) परीक्षा में कोई श्रेणी नहीं दी जाएगी।

अंक तालिका में सत्रीय/आन्तरिक गृह कार्य एवं सत्रांत परीक्षा के अंकों को अलग-अलग दर्शाया जायेगा। सफल विद्यार्थियों को निम्न तालिका के अनुसार श्रेणी प्रदान की जाएगी-

प्रथम श्रेणी – 60% एवं अधिक
द्वितीय श्रेणी - 48% एवं 60% से कम
उत्तीर्ण - 36% एवं 48% से कम

# Course Outcome of **M. A. Public Administration**

**एम.ए.(पूर्वार्द्ध) M.A. (Previous)**

| क्र.सं. (S. No.) | पाठ्यक्रम का नाम (Name of Course) | पाठ्यक्रम कोड (Course Code) | श्रेयांक (Credit) | उद्देश्य पाठ्यक्रम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लोक प्रशासन के सिद्धान्त<br>Principles of Public Administration | MAPA-01 | 8 | विद्यार्थी लोक प्रशासन के सिद्धांतों व मूल विषय की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे |
| 2. | तुलनात्मक लोक प्रशासन<br>Comparative Public Administration | MAPA-02 | 8 | विद्यार्थी तुलनात्मक लोक प्रशासन की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे |
| 3. | भारतीय प्रशासन<br>Indian Administration | MAPA-03 | 8 | विद्यार्थी भारतीय प्रशासन की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे |
| 4. | कार्मिक प्रशासन<br>Personnel Administration | MAPA-04 | 8 | विद्यार्थी कार्मिक प्रशासन की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे |

**एम.ए. (उत्तरार्द्ध) M.A. (Final)**

| क्र.सं. (S. No.) | पाठ्यक्रम का नाम (Name of Course) | पाठ्यक्रम कोड (Course Code) | श्रेयांक (Credit) | उद्देश्य पाठ्यक्रम |
|---|---|---|---|---|
| 5. | प्रशासनिक विचारक<br>Administrative Thinkers | MAPA-05 | 8 | विद्यार्थी प्रशासनिक विचारकों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे |
| 6. | विकास प्रशासन<br>Development Administration | MAPA-06 | 8 | विद्यार्थी विकास प्रशासन की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे |
| 7. | राजस्थान के विशेष संदर्भ में भारत में राज्य प्रशासन<br>State Administration in the Special Context of Rajasthan | MAPA-07 | 8 | विद्यार्थी राजस्थान के विशेष संदर्भ में भारत में राज्य प्रशासन की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे |
| 8. | सार्वजनिक नीति<br>Public Policy | MAPA-08 | 8 | विद्यार्थी सार्वजनिक नीति की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे |
| 9. | निबन्ध<br>Essay* | MAPA-09 | 8 | विद्यार्थी सम्पूर्ण कोर्स का सार प्राप्त कर सकेगे |